सं. ए-11013/2/2017-एसएसएच-IV

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(पीएमएसएसवाई विभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011

वेबसाइट: www.mohfw.nic.in

फैक्स: 011-23061288

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में निदेशक के पद हेतु विज्ञापन।**

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर** और **अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर** में **निदेशक** के पद को प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण / संविदा आधार पर भरने हेतु अनिवासी भारतीयों एवं भारतीय मूल के व्यक्तियों सहित भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। तत्संबंधी ब्यौरा निम्नलिखित है:

1. अर्हता

क. मेडिसिन या सर्जरी या जन-स्वास्थ्य और उनकी शाखाओं में स्नातकोत्तर डिग्री।

ख. अध्यापन और/अनुसंधान के क्षेत्र में कम-से-कम दस वर्षों का अनुभव।

ग. इस पेशे में 25 वर्ष की स्थाई सेवा का अनुभव।

घ. चिकित्सा सहायता, चिकित्सा अनुसंधान, चिकित्सा शिक्षा या जन स्वास्थ्य संगठन के क्षेत्र में विस्तृत व्यावहारिक और प्रशासनिक अनुभव तथा अध्यक्ष या विभागाध्यक्ष के रूप में किसी महत्वपूर्ण वैज्ञानिक शैक्षणिक संस्थान के प्रचालन का पर्याप्त अनुभव हो।

ङ. संस्थान के अध्यक्ष या विभागाध्यक्ष के रूप में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव पात्रता के लिए अपेक्षित होगा। इस मानदंड के लिए संगत अनुभव के रूप में निम्नलिखित प्रकार के कार्य अनुभव पर विचार किया जाएगा:-

| | |
|---|---|
| i. संस्थान का अध्यक्ष | vi. डीन |
| ii. विभागाध्यक्ष | vii. उप-डीन |
| iii. चिकित्सा अधीक्षक | viii. उपर्युक्त के समकक्ष अनुभव |
| iv. नैदानिक विभागाध्यक्ष | |
| v. यूनिट प्रभारी अध्यक्ष | |

**2. अधिकतम आयु सीमाः**

62 वर्ष ।

**3. वेतन और भत्तेः**

क. 80,000/-रुपए (निर्धारित) और मूल वेतन का 25% एनपीए; तथापि वेतन+एनपीए 85,000/-रुपए (संशोधन-पूर्व) से अधिक नहीं होगा।

ख. एफआर. 45 के तहत मानक किराए या वेतन का 10%, जो भी कम हो, के भुगतान पर संस्थान के परिसर में आवास प्रदान किया जाएगा।

ग. अन्य यथा-स्वीकार्य भत्ते।

**4. पद का कार्यकाल:**

निदेशक पदभार ग्रहण करने की तारीख से पांच (5) वर्ष की अवधि या पैंसठ (65) वर्ष की आयु प्राप्त करने, जो भी पहले हो, तक पद पर रहेंगे।

**5. परिवीक्षाः** परिवीक्षा की अवधि एक वर्ष होगी।

6. **आवेदन हेतु प्रक्रियाः**

पात्र अभ्यर्थी "अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी)," सतर्कता अनुमोदन, सीआर की प्रतियों तथा अन्य संबंधित अन्य दस्तावेजों की प्रतियों सहित प्रपत्र में विज्ञापन संख्या और तारीख का उल्लेख करते हुए इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा **सुश्री पी.ए. मिनि, निदेशक (पीएमएसएसवाई), कमरा संख्या 522-ए विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011** को भेजें।

(i) इस पद के लिए निर्धारित योग्यता, आयु और अनुभव आदि के अनुसार पात्रता के निर्धारण हेतु प्रभावी तिथि, आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी।

(ii) आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **रोजगार समाचार में इस विज्ञान के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर है।**

(iii) अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त और अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(iv) किसी भी प्रकार की पैरवी को अयोग्यता माना जाएगा।

(v) इस विज्ञापन को वेबसाइटः http://pmssy-mohfw.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

**7. सामान्य शर्तें/सूचनाः**

निर्धारित योग्यता, पद हेतु न्यूनतम अपेक्षा है और इससे अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए स्वतः पात्र नहीं बन जाएगा। जीवन-वृत्त के आधार पर साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए एक अन्वेषण-सह-चयन समिति द्वारा आवेदनों की छंटाई की जाएगी। साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने आवेदन में दिए गए ब्यौरों के साक्ष्य के रूप में सभी संगत मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

पी.ए.मिनि

**(पी.ए.मिनि)**
**निदेशक**

## आवेदन प्रपत्र

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत एम्स जोधपुर और एम्स रायपुर में **निदेशक** के पद के लिए आवेदक का नाम और विवरण।

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :
2. पिता का नाम :
3. जन्म तिथि और आयु :
4. वर्तमान पता :
   (ई-मेल आईडी, फैक्स और मोबाइल सहित)
5. क्या भारतीय नागरिक अथवा प्रवासी भारतीय अथवा भारतीय मूल के नागरिक हैं :
6. एम्स का विकल्प :

| जोधपुर | | रायपुर | |
|---|---|---|---|

7. शैक्षणिक योग्यता :

| **स्नातक** | **उत्तीर्ण करने का वर्ष** | **प्रयासों की संख्या** | **कॉलेज/विश्वविद्यालय का नाम** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| **स्नातकोत्तर** | **उत्तीर्ण करने का वर्ष** | **प्रयासों की संख्या** | **कॉलेज/विश्वविद्यालय का नाम** |
| | | | |
| **डॉक्टर की उपाधि (यदि कोई हो)** | **उत्तीर्ण करने का वर्ष** | | **कॉलेज/विश्वविद्यालय** |
| | | | |

8. विशेषज्ञता(ओं) का क्षेत्र :
9. अनुभव :

| | **पद तथा संस्था का नाम जहां कार्य किया** | **कब से** | **कब तक** |
|---|---|---|---|
| 1. स्नातकोतर से पहले<br>(क) शिक्षण<br>(ख) अनुसंधान<br>(ग) प्रशासन<br>2. स्नातकोत्तर के बाद<br>(क) शिक्षण<br>(ख) अनुसंधान<br>(ग) प्रशासन | | | |

10. प्रकाशनों की संपूर्ण सूची (कृपया सूची संलग्न करें) :

11. लिखी गई पुस्तकें अथवा पुस्तकों में लिखे गए अध्याय, यदि कोई हो :

12. पाठ्येतर गतिविधियां जैसे मेडिको-सामाजिक कार्य, पत्रकारिता, साहित्यिक गतिविधियां आदि :

13. प्राप्त किए गए पुरस्कार, विशिष्टता, पारितोषिक आदि :

    (क) स्नातक स्तर :

    (ख) स्नातकोत्तर स्तर :

    (ग) कोई अन्य :

14. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सोसाइटियों, शिक्षाविदों आदि की फैलोशिप/ सदस्यता :

15. वर्तमान पद और पदनाम (कब से धारित है) :

16. वेतनमान :

17. वेतन :

## घोषणा

मैं, सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिया गया विवरण मेरी जानकारी तथा विचार से सत्य, पूर्ण और सही है। मुझे यह ज्ञात है तथा मैं इससे सहमत हूँ कि चयन/साक्षात्कार के पहले अथवा बाद में किसी भी समय कोई जानकारी असत्य अथवा गलत/अधूरी अथवा अपात्रता पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी और मैं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्णय से बाध्य रहूँगा।

स्थान: (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

दिनांक: नाम: